RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 7 अंक 351
लखनऊ, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2017
पृष्ठ 16 ✓मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर



'वो लोग कुछ न कहते तो मुझे अजीब लगता'
विविध-16



# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष चुने गए डॉ. भरत राज सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर-प्रदेश** सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के क्रियावान के लिए अनुकूल वातावरण एवं उसमे जन साधारण की सक्रिय भागीदारी की अपील की थी। नगर महापालिका के सभी जोन्स व उनके वाड्‌र्स में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

अभियान को गति देने व नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने हेतु राजीव गांधी वार्ड द्वितीय में भी विराम खण्ड, विनय खण्ड के 9 नागरिको को इसका दायित्व दिया गया है। जिसकी प्रथम बैठक 12 अक्टूबर 2017 को राम-भवन परिसर में हुई है। बैठक में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बी एन सिंह व सचिव रूप किशोर शर्मा व आरएस मिश्र तथा उप खण्ड समितियों के अध्यक्ष जीएन सिन्हा आदि एंव नगर उपाध्यक्ष स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति सुनील मिश्रा, संयुक्त नगर आयुक्त ए श्री



अनूप वाजपेयी व पूर्व.पार्षद श्री अरुण तिवारी आदि सम्मिलत हुए और स्वच्छता अभियान को गति देने हेतु अपने सुझाव दिए।

बैठक के औपचारिक रूप से प्रारम्भ होने के पूर्वए सभी मनोनीत नागरिको की सहमति से डा भरत राज सिंहए जो विराम खण्ड.5 के निवासी है तथा गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पर्यावरण सलाहकार व स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक तकनीकी को कार्यहेतु अध्यक्ष मनोनीत किया गया।